कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.01.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
फैशन डिजाइनिंग एवं वाटर ट्रीटमेन्ट पर वैल्यू एडेड कोर्स प्रारंभ

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा फैशन एण्ड एपरेल मेकिंग एवं ब्यूटी एण्ड ग्रुमिग एवं रसायनशास्त्र विभाग द्वारा वाटर ट्रीटमेन्ट टेक्नोलॉजी पर वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ हुआ।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि ये कोर्स छात्राओं के कॅरियर के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है जो स्वरोजगार को भी प्रोत्साहित करते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस कोर्स में 150 छात्राएँ भाग ले रही है। इस कोर्स में विभिन्न विषय-विशेषज्ञ छात्राओं को प्रशिक्षित करेंगे।

डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य की दृष्टि से जल का महत्वपूर्ण स्थान है। विद्यार्थियों को इस कोर्स के माध्यम से जल के विभिन्न पैरामीटर्स पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी जायेगी। इस कोर्स में 93 छात्रायें भाग ले रही है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कौशल विकास की दिशा में महाविद्यालय ने तीन वैल्यू एडेड कोर्स प्रारंभ किये जा रहे हैं जो कौशल विकास के साथ-साथ व्यक्तित्व के विकास में भी सहयोगी होंगे।

गृहविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने अपने संबोधन में जीवन में ग्रुमिंग के महत्व को बताया। डॉ. अल्का दुग्गल ने फैशन एवं ब्यूटी के मनोवैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. तोशिना तेलंग, कु. तबस्सुम अली, कु. सबीना कु. मधु चन्द्राकर एवं नेहा यादव ने भी सहभागिता दी।

कार्यक्रम का संचालन कु. तबस्सुम अली एवं मधु चन्द्राकर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. तोशिना तेलंग ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)